हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय
Hemvati Nandan Bahuguna Garhwal University
श्रीनगर गढ़वाल (उत्तराखंड)–246174
Srinagar Garhwal (Uttarakhand) - 246174
(केंद्रीय विश्वविद्यालय)
(A Central University)

पत्रांक : हे॰न॰ब॰ग॰वि॰वि॰/राजभाषा प्रकोष्ठ/2026/198 दिनांक : 30/08/2026

# परिपत्र (CIRCULAR)

**विषय: 'हिंदी माह-2026' के अंतर्गत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों / प्रतियोगिताओं के संबंध में।**

भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय (उच्चतर शिक्षा विभाग) एवं संसदीय राजभाषा समिति के निर्देशों के अनुपालन में, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय का राजभाषा प्रकोष्ठ दिनांक **01 सितंबर 2026 से 30 सितंबर 2026** तक **'हिंदी माह-2026'** का आयोजन करने जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देना तथा तकनीकी युग में इसके व्यावहारिक प्रयोग को सुदृढ़ करना है। इस दौरान विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन प्रस्तावित है:-

**'हिंदी माह - 2026' की विस्तृत समय-सारणी (Schedule)**

| क्र.सं. | दिनांक / दिन | कार्यक्रम / प्रतियोगिता | समय व स्थान | प्रतिभागी / विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 01-09-2026, मंगलवार | माननीय कुलपति महोदय की गरिमामय उपस्थिति में हिंदी माह का शुभारंभ एवं दीप प्रज्वलन | प्रातः 09:30 बजे, शैक्षणिक गतिविधि केंद्र (AAC) | विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ |
| 2. | 03-09-2026, गुरुवार | हिंदी से संबंधित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी |
| 3. | 07-09-2026, सोमवार | हिंदी टिप्पणी एवं मसौदा लेखन प्रतियोगिता | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी |
| 4. | 10-09-2026, गुरुवार | निबंध प्रतियोगिता (विषय: हिंदी और कृत्रिम बुद्धिमत्ता - AI) | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ |
| 5. | 14-09-2026, सोमवार | माननीय शिक्षा मंत्री जी का संदेश वाचन एवं परिचालन | प्रातः 11:00 बजे, संबंधित विभाग | विश्वविद्यालय के सभी कार्मिक |
| 6. | 18-09-2026, शुक्रवार | निबंध प्रतियोगिता (विषय: राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार में तकनीकी साधनों की भूमिका) | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी |
| 7. | 22-09-2026, मंगलवार | श्रुतलेख एवं सुलेख प्रतियोगिता | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी |
| 8. | 24-09-2026, गुरुवार | काव्य पाठ प्रतियोगिता (विषय: हिंदी साहित्य में राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीय चेतना) | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | 24-09-2026, गुरुवार | हिंदी भाषण प्रतियोगिता (विषय: भारतीय भाषाओं के समन्वय में हिंदी की भूमिका) | अपराह्न 04:00-05:00 बजे, हिंदी विभाग | विश्वविद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएँ |
| 10. | 25-09-2026, शुक्रवार | हिंदी कार्यशाला (विषय: राजभाषा नीति, नियम और अधिनियम) | प्रातः 11:00 बजे, कुलसचिव कार्यालय बैठक कक्ष | विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी |
| 11. | 28-09-2026, सोमवार | राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक | अपराह्न 03:00-04:00 बजे, कुलपति सचिवालय बैठक कक्ष | समिति के नामित अधिकारी |
| 12. | 29-09-2026, मंगलवार | चर्चा/परिचर्चा (विषय: संघ की राजभाषा नीति के बारे में सामूहिक चर्चा) | प्रातः 11:00 बजे Online Mode https://meet.google.com/qti-jfwc-ctb | विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राएँ एवं आमंत्रित वक्ता |
| 13. | 30-09-2026, बुधवार | समापन समारोह एवं पुरस्कार वितरण | प्रातः 11:00 बजे, ACL हाल | विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएँ |

**महत्वपूर्ण निर्देश:**

- प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी संलग्न **पंजीकरण प्रपत्र (Application Form)** अपने विभागाध्यक्ष/अनुभाग अधिकारी के माध्यम से अग्रसारित करवाकर संबंधित प्रतियोगिता की तिथि से एक दिन पूर्व तक राजभाषा प्रकोष्ठ/हिंदी विभाग (समन्वयक कक्ष) में जमा करना अनिवार्य है।
- सभी विभागाध्यक्षों/प्रभारियों से अनुरोध है कि वे अपने अधीनस्थ कार्मिकों और छात्रों को इन आयोजनों में प्रतिभाग करने हेतु प्रोत्साहित करें।

यह परिपत्र माननीय कुलपति महोदय के अनुमोदन से जारी किया गया है।

प्रो० गुड्डी बिष्ट पँवार
समन्वयक (राजभाषा प्रकोष्ठ)
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय,
श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड

**प्रतिलिपि (Copy to):**

1. माननीय कुलपति महोदय के निजी सचिव (कुलपति महोदय के सादर सूचनार्थ)।
2. कुलसचिव महोदय को सादर सूचनार्थ।
3. वित्त अधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ।
4. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष/परिसर निदेशक/अनुभाग अधिकारी को सादर सूचनार्थ।
5. प्रभारी, सिस्टम सेल (विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु)।
6. सूचना पट्ट (Notice Board)।

# हेमवती नन्दन बहुगुणा गढ़वाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय,श्रीनगर गढ़वाल

# हिन्दी माह 2026

## पंजीकरण प्रपत्र (Application Form)

दिनांक 01 सितंबर से 30 सितंबर, 2026 के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु प्रपत्र।

प्रतियोगिता का नाम .....................................................दिनांक.....................

| क्र.सं. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम व पद नाम | विभाग / अनुभाग | मोबाइल नं. | हस्ताक्षर |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

विभागाध्यक्ष के हस्ताक्षर

समन्वयक राजभाषा प्रकोष्ठ

**आयोजक: राजभाषा प्रकोष्ठ, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय, श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड**

# विषय - हिन्दी माह समारोह-2026 के शुभारम्भ एवं उद्घाटन समारोह हेतु सादर आमंत्रण

# सादर आमंत्रण

समस्त सम्मानित शिक्षक वर्ग, शिक्षणेत्तर अधिकारी एवं कर्मचारी वर्ग,
प्रिय शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राएं
हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंन्द्रीय विश्वविद्यालय,
श्रीनगर गढ़वाल, उत्तराखंड।

**विषय : हिन्दी माह समारोह-2026 कें शुभारंम्भ एवं उद्घाटन हेतु सादर आमंत्रण।**

सादर निवेदन है कि राजभाषा प्रकोष्ठ, हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंन्द्रीय विश्वविद्यालय की ओर से राजभाषा, राष्ट्रभाषा, राष्ट्रीयता एवं राष्ट्र के संवर्धन हेतु **दिनांक 01 सितम्बर 2026 से 30 सितम्बर 2026** तक **हिन्दी माह-2026** का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर **दिनांक 01 सितम्बर 2026 को प्रातः 09:30 बजे शैक्षणिक गतिविधि केंन्द्र, चौरास (Academic Activity Center, Chauras)** में **हिंन्दी माह के शुभारंम्भ एवं उद्घाटन समारोह का आयोजन माननीय कुलपति महोदय की गरिमामयी उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ किया जाएगा।**

अतः उक्त अवसर पर आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**आयोजन अवधि**
01 सितम्बर 2026 से
30 सितम्बर 2026 तक

**स्थान**
शैक्षणिक गतिविधि केंद्र,
चौरास (Academic Activity Center, Chauras)

**समय**
प्रातः 09:30 बजे